卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 355 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦1 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

### महानवमी




नवरात्र के नवें दिन मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। ये सुख समृद्धि की प्रतीक मानी जाती है। इस दिन कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र के व्रतों का पारायण होता है।

# पुलिस के खिलाफ फूटा छात्रों का गुस्सा

## आधी रात को छात्र नेता की गर्भवती पत्नी और पिता को घर से उठाया, मारपीट का भी आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुए गोलीकाण्ड के मामले में आरोपियों की धरपकड़ में जुटी कोतवाली पुलिस ने देर रात तक नामजद छात्र नेता सचिन गंगवार के घर दबिश देकर उसकी पत्नी और पिता को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि सचिन गंगवार की गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट भी की गयी। पुलिस ने दूसरे आरोपी अमृतपाल के घर भी आधी रात को दबिश दी। यहां पुलिस पर अमृत पाल की मां से अभद्रता किये जाने का आरोप है। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा देर रात को ही



कई छात्र कोतवाली में धरने पर बैठ गये। छात्रों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए कोतवाल को हटाने और गर्भवती से मारपीट करने वाली महिला कांस्टेबल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बता दें छात्र संघ चुनाव से पूर्व नामांकन के दौरान कालेज के गेट के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें सरेआम फायरिंग भी हुई। इस मामले में पुलिस ने वायरल हो रही वीडियो के आधार पर कई युवकों को नामजद किया था। जिसमें कई आरोपी अभी फरार हैं। जिनमें पूर्व छात्र संघ सचिव सचिन गंगवार और अमृत पाल भी शामिल हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। इसी के तहत पुलिस की एक टीम मंगलवार देर रात सचिन गंगवार के भूतबंगला स्थित घर पर दबिश देने पहुंची। आरोप है कि छात्रसंघ पूर्व सचिव सचिन गंगवार की गैर मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने उसकी गर्भवती पत्नी लता गंगवार और पिता ओमप्रकाश गंगवार को जबरन अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने रात को ही प्रीत विहार में अमृतपाल के घर में भी दबिश दी। आरोप है कि उसकी माता से अभद्रता कर घर में सारा सामान अस्तव्यस्त कर दिया गया। इसके विरोध में रात को ही कई छात्र पुलिस के खिलाफ मुखर हो गये और कोतवाली कोतवाली परिसर में स्थित सीओं कार्यालय के समक्ष धरना शुरू कर दिया। छात्रों का कहना था कि पुलिस कर्मियों ने लता गंगवार के पेट में लातें मारी और पिता को थप्पड़(शेष पृष्ठ सात पर)

# गांधी पार्क में दहशरा मेले की तैयारियां जोरों पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के गांधी पार्क में दशहरा मेले की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं । कल बृहस्पतिवार की शाम रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले जोरदार आतिशबाजी के साथ जलाये जाएंगे। प्रशासन पहले ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर चुका है और दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग व मार्ग प्रबंध की व्यवस्था पूरी हो चुकी है। इस बार भी पुतले बनाने की जिम्मेदारी रामपुर के मुन्ने कारीगर को दी गई है। शहबाज गेट रामपुर निवासी मुन्ने दशकों से दशहरे के अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले बनाते आ रहे हैं। इस काम में उनका पुत्र गुड्डू तथा बवनपुरी निवासी अरबाज उनका साथ देते हैं। मुन्ने ने बताया कि उन्होंने पिछले एक पखवाड़े से इन तीनों पुतलों पर मेहनत की है। आज



शाम तक ये सभी पुतले पूरी तरह तैयार हो जाएँगे और उनमें आतिशबाजी की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कल सुबह इन्हें गांधी पार्क में निर्धारित स्थान पर स्थापित किया जाएगा और शाम को आतिशबाजी के बीच दहन होगा। मेले की तैयारियों में नगर निगम, पुलिस और रामलीला कमेटी ने मिलकर कार्य किया है। गांधी पार्क में दशहरा पर्व के आयोजन के लिए बैरिकेडिंग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अतिथियों के लिए बैठने की व्यवस्था पुख्ते स्तर पर हुई है। मार्ग संचालन के लिए आने-जाने(शेष पृष्ठ सात पर)

# साध्वी प्राची ने डीएम हरिद्वार को दिया ज्ञापन

## सरकारी जमीनों से अवैध मजारे हटाने को कहा

देहरादून। तीर्थ नगरी हरिद्वार में बदलती डेमोग्राफी को लेकर संत समाज में चिंता व्याप्त है, सरकारी भूमि पर कब्जे की नियत से बनाई जा रही अवैध मजारों को हटाने को लेकर साध्वी प्राची ने जिलाधिकारी हरिद्वार से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया। भगवा क्रांति सेना की प्रमुख साध्वी प्राची ने कहा गंगा नहीं हरिद्वार सनातन की आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक है। जहां जनसंख्या असंतुलन की समस्या गहरा रही है। उन्होंने कहा कि जिहादी मानसिकता के लोग गंगा नगरी को कब्जाने की नियत से अपना एजेंडा



चला रहे है। डीएम मयूर दीक्षित से मिलकर साध्वी प्राची ने एक ज्ञापन दिया और उन्हें अवगत कराया कि किस तरह सरकारी भूमि पर मुस्लिमों ने अवैध मजारे बना दी है और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा है।उन्होंने सुमन नगर का हवाला देते हुए डीएम बताया कि सरकार की 12 बीघा भूमि पर अवैध मजार बना दी गई। साध्वी ने बताया कि हरिद्वार की जंगलों में, गंगा किनारे, भारतीय हैवी इलेक्ट्रिकल्स की भूमि पर कब्जे कर अवैध मजारे बना दी गई है,जोकि सनातन संस्कृति पर प्रहार है। डीएम श्री दीक्षित ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही इसकी जांच(शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्र के सिरौली गेट के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आवास विकास कॉलोनी वार्ड नंबर 16 निवासी 31 वर्षीय अजीत कुमार पुत्र नन्हेंलाल किसी कार्य से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि अजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते(शेष पृष्ठ सात पर)

# मां मनसा देवी की शोभायात्रा में उमड़ा रेला

काशीपुर(उद संवाददाता)। मां मन्सा देवी की 53वीं भव्य एवं विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में इस बार 12 झांकियां (कुल 106) अधिक थीं। हर बार की तरह शोभायात्रा में श्रद्धाओं की भीड़ उमड़ पड़ी और माता के जयकारों से आसमान गूंज उठा। शोभायात्रा मौ. लाहौरियान स्थित मां मन्सा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर गंगे बाबा चौक, किला बाजार, मेन बाजार, महाराणा प्रताप चौक, चीमा चौराहा, माता मंदिर रोड, रतन सिनेमा रोड, मुल्तानी मोड़, मुंशीराम चौक होते हुए वापिस मां मन्सा देवी मन्दिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह माता के भक्तों ने शोभायात्रा का फूलों की वर्षा और जलपान से स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप



से पानीपत से आई पंचमुखी हनुमान की झांकी, महाकाल बाबा, शेरावाली माता, नौ देवियों, राधा-कृष्ण, राम मंदिर, शेषनाग, क्षीरसागर में विष्णु-लक्ष्मी, राम दरबार, हनुमान, मां काली, मां सरस्वती, कृष्ण भगवान, शंकर भगवान और नृसिंह भगवान द्वारा हिरण्य कश्यप वध जैसी झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं, इससे पूर्व मां मन्सा देवी मन्दिर में प्रातः रीमा सेठ-संजीव सेठ तथा रेशु कौशिक-शीतल कौशिक ने मुख्य पूजा की। मूर्ति पूजन पीसीयू के चेयरमैन एवं भाजपा नेता राम मेहरोत्रा एवं उनकी पत्नी ममता मेहरोत्रा ने किया।

# फैक्ट्री में वायलर की राख में गिरकर श्रमिक झुलसा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में वायलर की गर्म राख में गिरकर एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मुजफ्फरनगर बिहार निवासी श्रमिक यहां काशीपुर मार्ग पर स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि वह काम के दौरान वायलर की गर्म राख में जा गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया । शोर की आवाज होने पर साथी श्रमिकों ने उसे किसी तरह राख से बाहर निकाला। तब तक



श्रमिक काफी झुलस चुका था। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी

## सुपारी लेकर हत्या की साजिश रचने का आरोप

रुद्रपुर। श्रम न्यायालय में श्रमिकों की ओर से दायर केस वापस लेने का दबाव बनाए जाने को लेकर आजाद नगर निवासी सुनीता ने थाना ट्रांजिट कैंप में गंभीर आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी, अश्लील गाली गलौच और मानसिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता पत्नी धर्मेंद्र सिंह, निवासी वार्ड नंबर 7, जयपाल वाली गली ने तहरीर में आरोप लगाया कि 16 सितंबर की रात को उनके मोबाइल पर लगातार कई बार फोन कॉल कर उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी गई। कॉल करने वालों में निखिल गंगवार, सूरज पुत्र प्यारेलाल, और हरपाल चौधरी शामिल थे। आरोप है कि निखिल गंगवार ने खुद को पीपी ऑटो इनोवेटर्स यूनिट-03, सिडकुल पंतनगर के सुरक्षा प्रमुख लाल सिंह गंगवार का रिश्तेदार बताया और फोन पर गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि यदि श्रमिकों के श्रम न्यायालय में चल रहे मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो उन्हें सुपारी लेकर जान से मार दिया जाएगा। सुनीता ने बताया कि यह पूरी साजिश कंपनी के मालिक प्रिंस धवन और सुरक्षा प्रमुख लाल सिंह गंगवार के इशारे पर की जा रही है। उन्होंने पूर्व में भी कई बार फोन कर समझौते का दबाव बनाने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। कॉल रिकॉर्डिंग और कॉल डिटेल्स पुलिस को सौंपी गई हैं। पीड़िता ने यह भी कहा कि 29 अगस्त को निखिल गंगवार उनके घर पर भी आ चुका है और तब भी दबाव बनाया गया था। तीनों आरोपी पीड़िता के पति के पैतृक गांव गहबरा, मीरगंज, बरेली (उत्तर प्रदेश) के निवासी बताए जा रहे हैं। सुनीता ने आरोप लगाया कि आरोपी नशे की हालत में रहते हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनमें(शेष पृष्ठ सात पर)

# 45 लाख का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लोहिया पुल के समीप चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोक कर उसमें से 231 कट्टे चावल व 9 कट्टों में 162 किलो गांजा बरामद किया। अवैध नशा सामग्री 163 पैकेट्स में पैक करके खपत के लिए उड़ीसा से दढियाल लाई जा रही थी। बरामद गांजा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 45 लाख के आसपास आंकी जा रही है। नशा सामग्री के बड़े खेप की तस्करी चावलों की आड़ में पाए जाने को लेकर पुलिस के अधिकारी हैरत में है। फिलहाल पुलिस ने प्रयुक्त वाहन को सीज करते हुए गिरफ्तार नशा कारोबारी



का संबंधित धाराओं में चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बीते दिवस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जरिए मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि एक नीले रंग के कैंटर संख्या यूके 23 टी/4835 में नशा कारोबारी चावलों की आड़ में बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी में लिप्त है। इसी सूचना पर कोतवाल कुंदन सिंह रौतेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजपुर रोड पर लोहिया पुल के समीप चेकिंग के दौरान उधर से होकर फर्राटा भर रहे कैंटर को रोक लिया। तलाशी लेने पर कैंटर में से पुलिस को 231 कट्टे चावल(शेष पृष्ठ 7 पर)

# युवाओं के लिए सिर झुका भी सकता हूँ, सिर कटा भी सकता हूँ

## सीएम धामी बोले : हमारा प्रदेश धार्मिक पर्यटन के साथ वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म ,फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन और वेडिंग डेस्टिनेशन के क्षेत्र में भी विशिष्ट केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के फेयरफिल्ड बाय मेरियट मालसी में टाइम्स ऑफ इंडिया कॉन्क्लेव के तहत आयोजित उत्तराखण्ड चौप्टर-2025 कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किया। राज्य के विकास पर प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी विचार साझा करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2014 से पूर्व देश की राजनीति में केवल घोटालों, घपलों, कुशासन और भ्रष्टाचार की चर्चा हुआ करती थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक कमजोर राष्ट्र के रूप में देखा जाता था और राजनीतिक दृष्टि से भी भारत की छवि एक अस्थिर देश की हुआ करती थी। परंतु वर्ष 2014 के बाद, देश में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का एक ऐतिहासिक कालखंड आरंभ हुआ। जिससे आज जहां एक ओर भारत "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" की नीति के साथ विकास और समृद्धि के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वहीं, वैश्विक मंचों पर यह एक सशक्त, सक्षम और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय मोदी जी देश के एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने हमारे सुदूरवर्ती और सीमांत क्षेत्रों तक पहुंचकर वहां के समग्र विकास की दिशा में प्रयास किया है। यही नहीं, मोदी जी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने मध्यम वर्ग के



उत्थान के लिए भी कई ऐतिहासिक कदम उठाएं हैं। आज जहाँ एक ओर मध्यम वर्ग को राहत पहुँचाने के लिए 12 लाख 75 हजार रुपये तक की आय को करमुक्त किया गया है। वहीं, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों के माध्यम से न केवल नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की गई है, बल्कि हमारे स्थानीय उद्योगों और व्यापारियों को भी एक नई ऊर्जा और गति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे राज्य में भी जो कार्य हुए हैं, वे भी अद्वितीय हैं। आज हमारी सरकार जिस कार्य का शिलान्यास करती है उसे तय समय में पूर्ण कर उसका लोकार्पण भी करती है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हाल ही में एक नकल का मामला सामने आया था, प्रकरण की जानकारी मिलते ही हमारी सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूरी परीक्षा की जांच के लिए ˋष्ज का गठन किया। परंतु कुछ लोग इस मामले की आड़ में हमारे युवाओं को ढाल बनाकर अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेकने की कोशिश करने लगी और प्रदेश में अराजकता फैलाने के प्रयास किए जाने लगे। जो लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते सीबीआई और ईडी की जांच पर सवाल उठाते रहे हैं और न्यायालय के फैसलों को भी स्वीकार नहीं करते। वो लोग इस मामले में युवाओं को आगे कर सीबीआई जांच की मांग कर इस प्रकरण का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे बच्चों को गर्मी और धूप में परेशान होता देख और इनके षडयंत्र को विफल करने के लिए, मैंने स्वयं कल वहाँ जाकर युवाओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि इस प्रकरण की सीबीआई जांच की अनुशंसा की जाएगी और उनकी सभी न्यायोचित माँगों को पूरा किया जाएगा। क्योंकि हमारी सरकार ने ही भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने और नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इसी का परिणाम है कि पिछले 4 वर्षों में राज्य के 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस कानून के लागू होने के पश्चात हमने बीते 4 वर्षों में 100 से अधिक नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाया है जिन्होंने पूर्व की सरकारों के समय उत्तराखंड में नकल को एक उद्योग बना दिया था। ये सभी कदम हमारी सरकार ने युवाओं का भविष्य और हित सुनिश्चित करने के लिए ही उठाए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि हमारी सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हम किसी भी कीमत पर उनके सपनों के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देंगे। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि हम युवाओं के आगे या सीबीआई जांच की मांग करने वालों के आगे झुक गए। ऐसे सभी लोगों को ये स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं, युवाओं के हितों की रक्षा के लिए सर झुका भी सकता हूं और सर कटा भी सकता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में आपदाओं का प्रकोप होने के बावजूद अब तक लगभग 42 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पूरी कर सकुशल अपने गंतव्य को लौट चुके हैं। हमने अब राज्य में "शीतकालीन यात्रा" भी प्रारंभ की हैं, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक शीत काल में भी हमारे धार्मिक स्थलों के साथ- साथ अन्य पर्यटक स्थलों के दर्शन कर सकें। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। राज्य में हमने ऑपरेशन कालनेमी चलाकर जहां हमने सनातन हिंदू धर्म को बदनाम करने वाले जेहादियों को पकड़ने का काम किया है। वहीं लैंड जिहाद पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 9 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया है। इसके साथ ही करीब 250 अवैध मदरसों को सील करने के साथ ही 500 से अधिक अवैध संरचनाओ को भी हटाने का काम हमारी सरकार ने किया है। हाल ही में हमारी सरकार ने राज्य में नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत, राज्य में 1 जुलाई 2026 के पश्चात वो सभी मदरसे बंद हो जाएंगे जो हमारी सरकार द्वारा दिए गए सरकारी सेलेबस को अपने यहां नहीं पढ़ाएंगे। इतना ही नहीं, हमारी सरकार ने देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून लागू कर अपने सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी से ये आग्रह करना चाहता हूँ कि आप सभी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के "स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ" के मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता श्री आशुतोष राणा सहित फिल्म, मीडिया व विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय गणमान्य उपस्थित थे।

# सीबीएसई की पहली राष्ट्रीय फैंसिंग चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन, 1400 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपनी खेल गतिविधियों में फेंसिंग को शामिल किया है। जिसका पहला सीबीएसई राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप की मेजवानी उधमसिंह नगर को मिली, जिसका मंगलवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में मा0 खेल मंत्री रेखा आर्या ने दीप प्रज्वलित कर व फेंसिंग चैंपियनशिप प्रारम्भ की घोषणा कर शुभारम्भ किया। फेंसिंग प्रतियोगिता 30 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक चलेगी। फेंसिंग का अण्डर 19 का प्रथम मुकाबला मुकुल डीपीएस व प्रखर सिंह अक्सफोर्ड एकडमी राजस्थान के बीच खेला गया। जिसमे प्रखर सिंह 08-15 अंक लेकर 07 अंक से विजयी हुये। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए सूबे के मा. खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रथम सीबीएसई फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल व सभी आयोजको तथा खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि हम फेंसिंग चैंपियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित है। यह फेंसिंग चैंपियनशिप शानदार, जानदार एवं एतिहासिक होगी। इस सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजन से देश व प्रदेश के साथ ही स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होने कहा सभी खिलाड़ियों के साथ प्रदेश व देश के सरकार खड़ी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसलिए सभी युवा खेलो में रूची लेकर लाभ उठाये। उन्होने कहा कि 2036 में देश में ओलम्पिक खेल आयोजित किये जायेगें। इन सभी खेलों को ओलम्पिक खेलों में शामिल किया जायेगा। इसलिए सभी खिलाड़ी अभी से लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करते हुए आगे बढ़े ताकि ओलम्पिक में अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर सकें। उन्होने कहा कि प्रदेश व देश सरकारों द्वारा खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होने सभी युवाओं से पढ़ाई के साथ ही खेलों में रूची लेते हुए प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उन्होने कहा आज खेलों में नाम, दाम, परिणाम सब है, खेल हमें जीवन में अनुशासित, मेहनती बनाते है साथ ही लीडरशिप व निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते है। उन्होने कहा कि कोई भी प्राइवेट खेल विद्यालय संचालित करना चाहते है तो उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। उन्होने आयोजको व खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। महासचिव राष्ट्रीय फेंसिंग एसोशिएशन/फैडरेशन राजीव मेहता ने सीबीएसई में फेंसिंग खेल शामिल करने व डीपीएस रूद्रपुर में प्रथम सीबीएसइ राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए बधाई व शुभकामना दी। उन्होने कहा इससे क्षेत्र, प्रदेश व देश के युवाओं को लाभ मिलेगा, यही से फेंसिंग के राष्ट्रीय, अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी मिलेगें। उन्होने कहा इस सीबीएसई फेंसिंग चैंपियनशिप में देश के लगभग 1400 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। यह फेंसिंग खेल मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष ओलम्पिक एसोसिएशन महेश नेगी, महासचिव डॉ0 डीके सिंह, अध्यक्ष फेंसिंग एसोसिएशन उत्तराखण्ड सुरजीत सिंह ग्रोवर, उपाध्यक्ष/प्रधानाचार्य हरबंस सिंह ग्रोवर, नागेन्द्र शर्मा, दीपक गुलाठी, विवेक सिंह राणा, भारत भूषण चुघ, सुधाशु पंत, मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज शुक्ला, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी सहित खिलाड़ी, कोच, अभिभावक आदि मौजूद थे।







# मण्डलायुक्त ने नगला में अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

पंतनगर( उद संवाददाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर के नगर पालिका नगला क्षेत्र में अतिक्रमण से प्रभावित भूमि के स्वत्व निर्धारण एवं चिन्हीकरण के लिए शासन स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति का गहन अध्ययन कर निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से भूमि के वास्तविक स्वामित्व का निधरिण करना है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या अव्यवस्था की स्थिति न उत्पन्न हो।समिति में कुमाऊँ मण्डल के आयुक्त नैनीताल को अध्यक्ष नामित किया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर, प्रभागीय वनाधिकारी ऊधम सिंह नगर तथा अधीक्षण अभियंता चतुर्थ वृत्त, लोक निर्माण विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।इसी क्रम में मंगलवार को मण्डलायुक्त दीपक रावत के नेतृत्व में समिति की टीम ने नगला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों का गहन परीक्षण किया गया तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध तथ्यों और अभिलेखों का संज्ञान लिया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन की मंशा है कि नगर पालिका नगला क्षेत्र में भूमि से संबंधित सभी विवादों को त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारित किया जाए।मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन स्तर से एक समिति बनी है जो वर्तमान में नगर पालिका नगला की में भूमि की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए बनी है। जैसे कि किसका स्वामित्व कहा पर है। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि बात करे हितधारकों की तो यह प्रकाश में आया है कि कुछ भूमि वन विभाग की, लो0नि0वि0 की सड़क, और यह भी प्रकाश में आया है कि कभी तराई स्टेट फार्म के नाम पर कोई जमीन रही होगी। श्री रावत ने बताया कि वर्ष 1960 के आसपास लो0नि0वि0 के द्वारा कुछ चालान की कार्यवाही भी की गई है जिसमे यह स्पष्ट है कि जो उस समय सड़क रही होगी उसके मध्य बिंदु से दोनों तरफ 50-50 फिट सड़क को माना गया है, ऐसे कई नोटिस है, जो वैधानिक है। मण्डलायुक्त ने बताया कि आज निरीक्षण के उपरांत यह तय किया गया है कि उन नोटिसों के आधार पर उस समय जो भी सड़क की चौड़ाई रही होगी उसमे मध्य रेखा के हिसाब से दोनों तरफ 50-50 फीट चिन्हित कर लेंगे। उसके अंतर्गत जो भी निर्माण जद में आते हैं उनको निश्चित रूप से अतिक्रमण माना जायेगा, और अतिक्रमणकारियों से अनुरोध किया जाएगा अतिक्रमण को स्वत: हटा लें। उन्होंने कहा कि यदि और अधिक एवं विस्तृत रूप से सर्वे की आवश्यकता होती है तो सर्वे ऑफ इंडिया से भी सर्वे कराएंगे ताकि इस प्रश्न का हल निकल सके कि वन विभाग की सीमा कहाँ तक है। उन्होंने बताया कि चूंकि त्यौहारों का सीजन चल रहा है जिसके दृष्टिगत इस कार्यवाही को अभी न कर त्यौहारों के उपरांत करें। निरिक्षण दौरान उन्होंने लो0नि0वि0 अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्यौहारों के उपरांत चिन्हीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें, उसके उपरांत सर्वे ऑफ इंडिया से भी सर्वे कराया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, प्रभागीय वनाधिकारी यू सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय, अध्यक्ष नगर पालिका नगला सचिन शुक्ला, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



# मेंनू सेवादार बनाले मां दरबार दा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के अष्टमी दिवस पर मां भगवती के अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों प्रवीन गुलाटी, नीलम गुलाटी, दीवांशु गुलाटी, खुशाली गुलाटी, मयशा गुलाटी परिवार के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात अमित अरोरा व नमन वर्मा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गाये। तत्पश्चात काशीपुर से आई भजन गायिका निशा अरोरा ने दर ते तेरे आवांगे सालों साल, सेवादार बनाले दरबार दा, तेरे मंदिरां विच रवां झाडू मारदा, गल दिल वाली कहन आया हूं, चल मेरे नाल तेनूं लेण आया हां, माता जिनको याद करे वो लोग निराले होते हैं, मेला मैया दा आंवदा है हर साल, लोकी नचदे नें खुशियां नाल, नीं मैं नचना श्याम दे नाल अज मेंनूं नच लेंण दे, कर के इशारा बुलाई गई रे शोरी बरसाने वाले राधा गौरी, श्याम तेरे मोटे मोटे दो नैन कहीं नजर न लग जाये, फूलों में सज रहे वृन्दावन बिहारी संग में सज रही है बृजभान की दुलारी आदि भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा,आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान,कन्हैया लाल, कमल चिलाना, राजकुमार जिंदल, बीना वर्मा, कुसुम जग्गा, अंजनी मिश्रा, आरके वर्मा, सुमन लता, सुमन जग्गा, दलीप अरोरा, प्रीतम अरोरा, किरन अरोरा, रजनी नारंग, प्रेम गुगलानी, मीनू गुगलानी, सुमन मदान, वर्षा अरोरा, गीता गुप्ता, आंचल यादव, इन्द्रा यादव, सोनिया छावड़ा, निखिल गोपाल, प्रिया ठुकराल, अनीषा गुगलानी, रीना गुगलानी दिलीप गुगलानी, गुरमुख दास अरोरा, राकेश तनेजा, उमेश अरोरा, अनूप जुनेजा, सुरेश पुंशी, मान्या गुलाटी, तन्वी गुलाटी, पलक मिड्डा, पवन अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, सविता गोयल, स्वाति गोयल आदि भक्तजन मौजूद थे।

## शिनाख्त शव महिला शबाना



उम्र करीब 21 वर्ष रंग गोरा, बाल लम्बे, मुंह अधखुला आँखे बंद इकहरा जिस्म, चेहरा गोल नाक, कान औसतन।

लम्बाई – 5 फिट 1 इंच, सफेद व बैगनी कलर के कम्बल में लिपटा हुआ। पहनावा– ऊपर का सफेद व लाल धारीदार कमीज व नीचे पिंक कलर का पजामा व डायपर पहना है। चोट– सर पर सफेद पट्टी व सम्पत्ति निल।

**दिनांक 13-10-2023 को राजकीय चिकित्सालय सुशीला तिवारी अस्पताल में दिन में लाया गया था जिसकी मृत्यु दिनांक 03-11-2023 को समय 19.30 बजे हो गई। शव की शिनाख्त न होने के कारण पंचनामा कार्यवाही कर शव मोर्चरी राजकीय मेडिकल कालेज में रखा गया है जिस किसी को व्यक्ति/थाना चौकी को उपरोक्त के बारे में सूचना हो तो निम्न नम्बरों पर सूचना दें।**

**मोबा. नं. 9411112877**
**फोन- 05946&284329**

प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली हल्द्वानी

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
अनोखी सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में दी फल सब्जियों की प्रतीकात्मक बलि





दिनेशपुर(उद संवाददाता)। महाअष्टमी पूजा में मंगलवार को भारी संख्या में महिला पुरुषों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमो और बांग्ला बाउल गान की धूम है। अष्टमी पूजा के बाद महामाई के चरणों में फलों व सब्जियों की प्रतीकात्मक बलि दी गई। उधर सोमवार दिन रात्रि दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्थित दुर्गा पूजा मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी हरीश मुंज्याल, सुभाष व्यापारी, करण रंधवा और प्रेस क्लब के टीम ने किया। बाद में रंगमंच पर पश्चिम बंगाल कोलकाता से आए हुए प्रसिद्ध दृष्टिहीन शांति हरि टीम ने बाउल गान की प्रस्तुति देकर समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय सरकार तथा मनोज राय उर्फ मुन्ना ने किया। नवरात्र से पूर्व दुर्गा मंदिर तथा आसपास के क्षेत्र को भव्य रूप से सजाया गया है। इस मौके पर दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी अध्यक्ष रोहित मंडल, महामंत्री गोविंद मंडल, कोषाध्यक्ष सुकुमार सरकार, विशु राय, उर्वशी राय, नीतू मंडल, बलविंदर साहू,हीरा जंग पांगी, अंजू बोरा, सत्येंद्र सिंह मांन, वीरेश कुमार, प्रशांत कुमार, विजय सिंह, मनु चौधरी, मिथुन ढाली, अनादीरंजन मंडल, हिमांशु सरकार आदि मौजूद रहे। क्षेत्र भर में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम है नगर सहित अन्य जगहों पर मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हो रहे हैं स्थानीय कलाकारों के अलावा विभिन्न स्थानों के लोक कलाकार रंगमंच पर अपने अभिनव की छाप छोड़ रहे हैं। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, महामंत्री दिंवेन्दु राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- अमित सक्सेना, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार, उपाध्यक्ष एल बी राय, ऑडिटर प्रकाश अधिकारी, उपसचिव राहुल विश्वास, संरक्षक सरोज मंडल, काजल राय,संगठन मंत्री बृज किशोर मंडल, सुब्रतो गोस्वामी, सदस्य संजीव कुमार गाईन,केशव कुमार, कालीपद विश्वास,नैनी बढई, आदि मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन का कोतवाल ने किया शुभारंभ



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर की सांस्कृतिक धरोहर और परंपरा को संजोए हुए नव युवक कला केंद्र किच्छा द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन निरंतर जारी है। आठवें दिन का शुभारंभ मंगलवार की शाम कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने गणेश पूजा कर किया। मंचन प्रारंभ होने से पूर्व उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान गणेश की आराधना की और कार्यक्रम की सफलता एवं नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर रामलीला मंचन देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु व दर्शक पहुंचे। मंच पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संवाद और अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्षों से यह मंचन नगर की सांस्कृतिक पहचान बना हुआ है और स्थानीय लोग पूरे उत्साह के साथ इसमें भागीदारी करते हैं। आठवें दिन प्रस्तुत किए गए प्रसंगों में भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का जीवंत चित्रण किया गया। कलाकारों ने अपने संवाद और अदायगी से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दर्शक बीच-बीच में तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन का दर्पण है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष, ओम अग्रवाल, संरक्षक लक्ष्मी नारायण एरन,पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रामलीला का मंचन आगामी दिनों तक प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों के साथ जारी रहेगा।

# लघु व्यापारियों ने किया सिटी मिशन मैनेजर को सम्मानित



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापार संगठन महानगर शाखा की ओर से मेयर विकास शर्मा व नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल की मौजूदगी में नगर निगम सूडा विभाग में कार्यरत सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक का नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा एवं लघु व्यापारियों ने पुष्प गुच्छ देकर पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि मनोज कर्नाटक द्वारा रुद्रपुर के जो लघु व्यवसाई हैं। रेहडी पटरी पर कार्य करने वाले व्यवसाईयों के लिए सरकार द्वारा बनाई गई लाभदायक योजनाओं को जैसे प्रधनमंत्री सुनिधि योजना, रेहडी पटरी पर कार्य करने वाले लोग व्यवसाईयों के लिए पंजीकरण जैसी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाते हैं। इसलिए उनकी कार्यशैली को देखते हुए लघु व्यापार संगठन रुद्रपुर की ओर से उनको सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में लघु व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, लघु व्यापार संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष रस्तोगी, उपाध्यक्ष नन्हे सागर, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ यादव, करण बिष्ट, प्रेम बिष्ट, जयप्रकाश पाल, अशोक रस्तोगी, राजू आजाद, रमन कोहली, कमल विश्वास, सुजीत मंडल, अजीत मंडल, हरीश प्रजापति, राम सहाय, प्रमोद रस्तोगी, राकेश राठौर, आकाश यादव, राजपाल सागर, गौतम रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

# पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया आभार



खटीमा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। मुख्य चौराहे पर सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए, जहां मिष्ठान वितरण और आतिशबाजी के माध्यम से मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने इसे युवाओं के हित में उठाया गया साहसिक और न्यायपूर्ण कदम बताया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं की भावनाओं को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की है। युवाओं की मांग पर उन्होंने पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच का निर्णय लेकर यह स्पष्ट कर दिया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार सख्त है। हम सभी नगरवासी उनके इस फैसले का हृदय से स्वागत करते हैं। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल, उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, छात्र संघ महामंत्री हिमांशु पासवान, सभासद आशीष श्रीवास्तव, विजय कुमार, जीशान ओवैसी, लियाकत अली, पूर्वांचल सेवा समिति के नगर महामंत्री जितेन्द्र सिंह, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष शुभम पटवा, महामंत्री अर्पित पटवा, विवेक रस्तोगी, प्रकाश आर्य, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, शुभम वाल्मीकि, इशू ठाकुर, चंद्रशेखर कश्यप, सूरज धामी, मेहताब राजा, राहुल सोनकर, हरीश चुफाल, छात्र संघ उपाध्यक्ष घनश्याम राणा, पूर्व उप सचिव कशिश राणा, सलोनी राणा, गौरव कुमार, राकेश तिवारी, शुभम भट्ट, कुणाल सक्सेना, मनीष राणा, वंशिका शुक्ला, जतिन राणा, मोनिश अंसारी, गोविंद मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, निखिल चंद, जफर खां, शशांक वर्मा, विक्की अंसारी, सुमित ठाकुर, मनोज शाही, सचिन रस्तोगी, राजेश बतला, प्रदीप गुप्ता, किशन बिष्ट, सरफराज हुसैन आदि शामिल रहे।

# दुर्गा पूजा में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर । उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया नम्बर 1 ,ग्राम हरदासपुर, ग्राम धर्मनगर सहित कई अन्य स्थानों पर आयोजित श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में शामिल हुई, जहां उन्होंने माँ दुर्गा के सम्मुख पूजा अर्चना कर माँ जगदम्बा का आशीर्बाद लिया। इस से पूर्व सभी स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजन कमेटी द्वारा श्रीमती शर्मा, और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का फूलमालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत किया। कार्य क्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# विभीषण बने धर्म के प्रहरी, अंगद ने रच दिया इतिहास

## विभीषण का लंका से निष्कासन,रावण-अगद संवाद, युद्ध की घोषणा, कुंभकर्ण को जगाना तक की लीला का मंचन हुआ





रूद्रपुर। नगर की मुख्य रामलीला में विगत रात्रि हनुमान की किष्किन्धा वापसी आकर प्रभु श्रीरामचन्द्र जी को माता सीता का हाल बताना, विभीषण का लंका से निष्कासन, विभीषण का राम दल में शामिल होना, राम द्वारा अंगद को लंका भेजा जाना, अंगद का पाव जमाना, रावण-अगद संवाद, युद्ध की घोषणा, कुंभकर्ण को जगाना तक की लीला का मंचन हुआ। इससे पूर्व विगत्त रात्रि की रामलीला का उद्घाटन नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं कारोबारी, ऐबियेस रिर्जेंट के स्वामी महेन्द्र ईशपुजानी, हरीश ईशपुजानी, अनिल ढंग, सुनील ढंग, दीपक सिंह सीए आलोक चावला ने सपरिवार दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने समस्त आगतुको को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्रीरामलीला में सर्वप्रथम राजकुमार अंगद के नेतृत्व में दक्षिण दिशा में गये हनुमान, जामवंत, नल, नील आदि वानर दल रायण की लंका खाक करने के बाद किष्किन्धा वापस आते है। हनुमान राम को बताते है कि लका में माता सीता बहुत कष्ट में है। रावण उन्हें मानसिक रूप से इतना प्रताड़ित कर चुका है कि अब वह आत्मघात जैसा कदम उठाने की सोच रही है। आप जल्द उन्हें रावण की कैद से मुक्त कराये। उधर लंका खाक होने के बाद रावण बहुत गुस्से में है। रावण और मेघनाद इसके लिये विभीषण के हनुमान की पूछ जलाये जाने के मशविरे को जिम्मेवार बताते है। विभीषण-रावण में बहस के बाद विभीषण को लंका से बाहर निकाल दिया जाता है। अपमानित विभीषण किष्किन्धा में प्रभु श्रीरामचन्द्र राजनैतिक नियमों का हवाला देते हुये अपने अंतिम दूत के रूप में अंगद को लका भेजकर सीता को वापस करने अथवा युद्ध के लिये तैयार हो जाने की चेतावनी देते है। रावण दरबार में रावण अंगद की जोरदार बहस होती है। अंगद अपना पैर जमीन पर जमाकर उठाने की चुनौती देता है, रावण दरबार के समस्त शूरवीरों के विफल रहने के बाद जब स्वयं रावण अंगद के पैर पकड़ने लगता है तो अंगद उसे श्रीराम के पैर पकड़ने की सलाह देता है। इसके बाद दोनो तरफ से युद्ध की दुदुंभी बज उठती है। रावण अपने बलशाली भाई कुभकर्ण को उसकी कुंभकर्णी नींद से जगाकर राम से युद्ध करने भेजता है, जहां कुंभकर्ण मारा जाता है। राम की भूमिका में मनोज अरोरा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, हनुमान की भूमिका में सुशील गाबा, अंगद की भूमिका में गौरव जग्गा, मेघनाद की भूमिका में रमन अरोरा, कुंभकर्ण की भूमिका ने अमन गुम्बर, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर आशू, जामवन्त की भूमिका में रोहित खुराना, विभीषण की भूमिका में सचिन आनन्द, सुग्रीव की भूमिका में मोहन अरोरा, नल की भूमिका में सक्षम दुआ, नील अग्रिम सचदेवा, हनुमान जी के सेनापति की भूमिका में आयुष्मान सुशील गाबा, जोकर पार्टी की भूमिका में रामकृष्ण कन्नौजिया, गोला इदरीश, कक्कू शर्मा व गोगी नरूला, ने जनता को गुदगुदाया। मंच संचालन मंच सचिव संदीप धीर एवं विजय जग्गा नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्यवयक नरेश शर्मा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबडा, महावीर आजाद, पत्रकार आकाश आहूजा, भूपेश बीपडूंस, परमपाल सुखीजा पम्मी, भानु चुघ, सुरेन्द्र शर्मा, दीपक कुकरेजा, चन्द्र गंगवार, अर्जुन माहेश्वरी, हिमांशु, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, गौरव तनेजा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड, सौरभ राज बेहड, विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, राजकुमार कक्कड, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, पुलकित बांबा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, रोहित नागपाल, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, रवि अरोरा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, आदि उपस्थित थे।












**तुम जियो हजारों साल**



विराट कालड़ा को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाए


# रुद्रपुर की ऐतिहासिक रामलीला में कलाकारों का अद्भुत अभिनय


रुद्रपुर। शहर की सबसे प्राचीन और मुख्य श्री रामलीला में इस बार भी कलाकारों का शानदार मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वर्षों से मुख्य स्वरूप निभाने वाले कलाकार अपनी अदायगी से इस धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित बनाए हुए हैं। प्रभु श्रीराम की भूमिका में मनोज अरोरा ने एक बार फिर अपने सजीव अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। वे पिछले कई वर्षों से इसी स्वरूप में नजर आते हैं। मनोज अरोरा का कहना है कि “राम का स्वरूप निभाना मेरे लिए आशीर्वाद है। मंच पर उतरते ही ऐसा लगता है मानो प्रभु स्वयं आकर हमें ये सेवा सौंप रहे हों।” लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे गौरव बेहड़ और राजकुमार कक्कड़ अपनी संवाद अदायगी और भावभंगिमा से दर्शकों का मन मोह रहे हैं। गौरव बेहड़ का कहना है कि “राम कथा से जुड़ना ही जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। जब तक मंच पर हूं, खुद को पूरी तरह लक्ष्मण मान लेता हूं।” वहीं राजकुमार कक्कड़ ने कहा, “रामलीला हमारे हमारे सनातन धर्म का मुख्य आधार है, इसका हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है।” हनुमान के रूप में सुशील गाबा का अभिनय सबसे अलग और प्रभावशाली माना जा रहा है। वे मंच पर आते ही दर्शकों में ऊर्जा भर देते हैं। सुशील गाबा बोले, “हनुमान जी की भूमिका निभाना शक्ति और भक्ति दोनों का अनुभव कराता है। जब तक जीवन है, रामकाज में लगे रहना चाहता हूं।” सीता और अंगद के स्वरूप में गौरव जग्गा दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि “एक ही मंच पर अलग- अलग भूमिकाएं निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। रामलीला केवल अभिनय नहीं, बल्कि साधना है।” रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी और मेघनाथ के स्वरूप में रमन अरोड़ा भी अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित कर रहे हैं। विशाल भुड्डी ने कहा, “रावण का स्वरूप नकारात्मक जरूर है, लेकिन इससे सीख मिलती है कि अहंकार का अंत निश्चित है।” वहीं रमन अरोड़ा का कहना है, “मेघनाथ का किरदार बहादुरी और पराक्रम का प्रतीक है। इसे निभाकर मुझे गर्व महसूस होता है।” विभीषण की भूमिका संजीव आनंद निभा रहे हैं जिसमें वह पूर्ण रूप से परिपक्व नजर आते हैं। रामलीला में श्स्टेपनीश के रूप में मशहूर मनोज मुंजाल हर साल कई अलग- अलग भूमिकाओं में नजर आते हैं और हर बार दर्शकों को चौंका देते हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, “मुझे कोई भी किरदार दे दिया जाए, मंच पर ढलना मेरा काम है। यही कारण है कि लोग मुझे स्टेपनी कहते हैं और यह नाम अब मेरे लिए सम्मान बन गया है।” श्री मुंजाल नारद, वशिष्ठ, श्रवण के पिता शांतनु, खर और रावण के सेनापति आकम्पन सहित प्रतिदिन किसी ना किसी भूमिका में जरूरनजर आते हैं। विशेष बात यह है कि ये सभी कलाकार बचपन से ही रामलीला मंचन से जुड़े हुए हैं। सभी का मानना है कि यह सेवा प्रभु श्रीराम की कृपा से ही संभव है। इनके निरंतर योगदान से रुद्रपुर की ऐतिहासिक रामलीला हर साल नई ऊंचाइयों को छू रही है और समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रख रही है।

# अंगद ने समझाया पर रावण ना माना, युद्ध का हुआ ऐलान

## इंदिरा कालोनी की रामलीला: लक्ष्मण हुए मूर्छित,श्री राम हुए व्याकुल, हनुमान बने संकट मोचन तो जीवित हुए लक्ष्मण

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के बारहवें दिन प्रभु श्री राम जी की लीला का शुभारंभ उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों -अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा,बोबी अरोरा,राकेश सुखीजा संयुक्त रूप से विधिवत रूप से पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया,रामलीला के मंचन में क्षेत्रीय विधायक श्री शिव अरोरा का भी सनीध्य प्राप्त हुआ, उन्होने सभी राम भक्तो को राम जी के आदर्शों पर चलने का आहवाहन किया। भारत भूषण चुघ ने प्रभु श्री राम जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि श्री राम ने पूरा जीवन मर्यादा में रहकर जिया,जीवन में कभी भी मर्यादा का उल्लंघन नही किया, हम भी प्रभु राम जी के आदर्शों पर चलकर उत्तम जीवन जी सकते हैं, रामलीलाओं के मंचन का उद्धेश्य तभी सफल होगा जब हम प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे, उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर के अध्यक्ष महेश बब्बर ने भी प्रभु श्री राम जी की



चर्चा करते हुए कहा कि हमें आदर्श जीवन जीने के लिए प्रभु श्री राम जी के आदर्शों का पालन करना चाहिए और समाज में अपनी संस्कृति को सहेजने के अपना योगदान देना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी इसका अनुसरण कर सके, सनातन धर्म सभा द्वारा कनाडा से विशेष रूप से चलकर प्रभु श्री राम जी का अभिनया करने आए गौरव अरोरा जी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और विदेश में रहकर भी हर वर्ष श्री राम का अभिनय करने आने का अनुरोध किया। श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया ।रामलीला के मंचन में रावण अंगद संवाद,युद्ध का ऐलान, मेघनाद लक्ष्मण युद्ध,शक्ति प्रयोग, लक्ष्मण मूर्छा , श्री राम का विलाप तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें रावण की भूमिका अतुल बांगा,अंगद दिव्यम घई, मेघनाद गौरव गांधी ,कुंभकरण पुष्कर नागपाल,राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़, सुग्रीव विशान्त भसीन,हनुमान सन्नी कक्कड़, विभीषण विशाल गुंबर,सुषेण वैध बिट्टू अरोरा ,मंत्री पंकज कालरा को विशेष रूप से सराहा गया।मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया। आज की लीला के मंचन में मेघनाद का अभिनंदन, कुंभकरण विभीषण संवाद, कुंभकरण वध, मेघनाद सुलोचना संवाद, मेघनाद रावण संवाद, अंतिम विदाई, मेघनाद वध तक की लीला का मंचन किया जाएगा।







# मुखर्जी नगर में विधायक अरोरा ने दुर्गा पूजा का किया शुभारंभ

रुद्रपुर( उद संवाददा) ।मुखर्जी नगर वार्ड नंबर 5 में आयोजित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा का विधिवत शुभारंभ विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर किया। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में मां दुर्गा के पंडालों की भव्यता देखी जा रही है। मुखर्जी नगर में भी इस बार की पूजा विशेष महत्व रखती है, क्योंकि अब यहां एक स्थायी सार्वजनिक भवन का निर्माण हो चुका है, जहां धार्मिक और सामाजिक आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो रहे हैं।उन्होंने बताया कि वर्षों से यहां के लोग सार्वजनिक भवन की मांग कर रहे थे, जिसे गंभीरता से लेते हुए 50 लाख रुपये की लागत से यह बहुप्रतीक्षित भवन निर्मित कराया गया। अब क्षेत्रवासियों को किसी भी आयोजन में बारिश या अन्य प्राकृतिक व्यवधानों की चिंता नहीं करनी पड़ती।विधायक अरोरा ने कहा कि क्षेत्र के सतत विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर पार्षद कुसुम शर्मा, राधेश शर्मा, नारायण मंडल, सपन कुमार, श्याम रंग, बलाई विश्वास, रोहित गोलदार , उत्तम मंडल, संजीव रंग, निरापद सरकार, कनक मंडल, हरीश गाईन, अखिलेश मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मनोज मदान, डम्पी चोपड़ा, अभिषेक तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# सिक्स सिग्मा में पारंपरिक उल्लास के साथ मना नवरात्रि डांडिया रास उत्सव

रुद्रपुर।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भव्य डांडिया रास उत्सव का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और दांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर माहौल को उल्लास और उत्सव से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने समूह और व्यक्तिगत रूप से गरबा एवं दांडिया नृत्य कर भारतीय संस्कृति की खूबसूरत झलक प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे परिधानों, सजीव संगीत और तालमेल से सजे इस आयोजन में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा विश्वकर्मा और दीपिका देऊपा द्वारा किया गया,



जबकि आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए हल्के जलपान और खाने के स्टॉल की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंधन सदस्य वंश डावर और शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश पंत, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और विद्यार्थियों की सराहना की।

# पानी की बाल्टी में डूबने से मासूम बालक की मौत

रामनगर। मंगलवार दोपहर एक बेहद दुखद हादसे में 1 वर्षीय बालक की घर में रखी पानी की बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। घटना रामनगर क्षेत्र के ग्राम छोई की है, जहां यह दर्दनाक हादसा हुआ। मासूम की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी केसरी अपने परिवार के साथ रामनगर के ग्राम छोई में एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने आया हुआ था। मंगलवार सुबह



पूरा परिवार रोज की तरह मजदूरी के लिए चला गया था। घर में केवल केसरी की पत्नी और उनके दो बेटे मौजूद थे। पत्नी कपड़े धोने के लिए कोसी नदी चली गई और उसने बड़े बेटे को एक साल के छोटे बेटे सुमित की देखभाल की जिम्मेदारी दी। लेकिन बताया जा रहा है कि मां के जाने के बाद बड़ा बेटा सो गया, और इसी दौरान खेलते-खेलते मासूम सुमित घर में रखी पानी की बाल्टी में जा गिरा। कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो सुमित को बाल्टी में डूबा देखकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह दुर्घटनावश मृत्यु प्रतीत हो रही है, फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है

# पीएसी के जवान जनसुरक्षा के लिए अतिमहत्वपूर्णः कमिश्नर

## मण्डलायुक्त ने किया 31 वीं वाहिनी के स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर का 55 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक आयोजित मेला कार्यक्रमों का मंगलवार सायं मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त दीपक रावत ने वाहिनी के सेनानायक पंकज भट्ट की मौजूदगी में फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त ने मेला स्टॉलों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों का आनन्द लिया व स्टॉलों की सराहना की। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त श्री रावत ने पीएसी 31वीं वाहिनी रूद्रपुर के 55वें स्थापना दिवस पर सभी पीएसी जवानों, अधिकारियों व उनके परिवारजनो को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा पीएसी के जवान जनसुरक्षा के लिए अतिमहत्वपूर्ण है व जनसुरक्षा के लिए संवेदनशील रहकर हमेशा तत्पर रहती है एवं अपने दायित्वो का मुस्तैत होकर कार्य करती है। सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि 1, 2 व 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से मेले के साथ ही खेल प्रतियोगिताए, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगे। जबकि 3 अक्टूबर समापन दिवस पर मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही लक्की ड्रा व पुरस्कार वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व 30 सितम्बर को परिसर में शस्त्र पूजन किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौने, फिरोजाबाद की चूड़ियां, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी, खुर्जा का सामान, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों, मेरठ के स्पोर्ट्स का सामान, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ट पकवान, वस्त्रों आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। प्रथम सायं मेले में पीएसी महिला बैंड द्वारा सुंदर पहाड़ी धुनों का प्रदर्शन कर स्वागत किया। कुमांऊनी लोक गायक जितेंद्र तुमकियाल, पुष्कर सिंह महरा, गायिका प्रीति,ज्योति व मां नैना पुष्कर महर सांस्कृतिक दल, खटीमा व वाहिनी आर्केस्ट्रा द्वारा सुंदर गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक आरडी मठपाल, उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह, उप सेनानायक 46 वीं वाहिनी वीर सिंह, सहायक सेनानायक तपेस कुमार चन्द, तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक 31वी वाहिनी श्रीमती प्रतिमा भट्ट , सहायक सेनानायक, 46 वी वाहिनी, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, शिविर पाल राकेश महरा, तहसीलदार दिनेश कुटोला सहित अनेक अधिकारी,जवान व परिवारजन मौजूद थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लारेंस बिश्नोई गिरोह

कनाडा ने अपराध की दुनिया में कुख्यात माने जाने वाले लारेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करके एक सख्त संदेश दिया है कि अगर किसी समूह की गतिविधियां आतंकवादियों के समकक्ष हैं, तो उसे उसी नजरिए से देखा जाएगा। दरअसल, कनाडा में कई बड़ी आपराधिक घटनाओं के पीछे लारेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ बताया जा रहा है। इस गिरोह पर प्रवासियों से वसूली, उन्हें हिंसा की धमकी देने और कुछ विशिष्ट समुदायों को निशाना बना कर आतंक फैलाने के जरिए अपने पांव फैलाने के आरोप हैं। इन्हीं वजहों से कनाडा सरकार ने सोमवार को कहा कि वहां के लोगों के बीच भय का माहौल पैदा करने के लिए लारेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकवादी संगठनों की सूची में डाल दिया गया है। गौरतलब है कि अगर किसी गिरोह को कनाडा में आतंकवादी घोषित कर दिया जाता है तो वहां के कानूनों के मुताबिक उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है, मुकदमा चलाया जा सकता है, उसकी संपत्तियां और धन को सरकार जब्त कर सकती है। इसके बाद कनाडा के कई राज्यों की पुलिस को लारेंस बिश्नोई गिरोह के खिलाफ जांच में पहले से ज्यादा अधिकार भी मिल सकेंगे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत और कई अन्य देशों में लारेंस बिश्नोई गिरोह को वसूली से लेकर हत्या तक की गतिविधियों के लिए जाना जाता रहा है। कनाडा में उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की संभावना पहले से बन रही थी, क्योंकि वहां इस समूह पर प्रतिबंध लगाने की मांग काफी समय से की जा रही थी। मगर कनाडा सरकार ने इस संबंध में जो कदम उठाया है, उसकी पृष्ठभूमि बीते कुछ वर्षों के दौरान भारत और कनाडा के बीच चली खींचतान को भी माना जा सकता है। करीब साल भर पहले खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मसले पर भारत और कनाडा के बीच विवाद ने गंभीर रूप अख्तियार कर लिया था। उसके बाद यह मुद्दा भी उठा कि भारत से संचालित लारेंस बिश्नोई गिरोह ने कनाडा में प्रवासियों के इलाकों में भी अपने पांव फैला लिए हैं तथा वहां जबरन वसूली, धमकी, गोलीबारी और हत्या के जरिए आतंक फैलाता है। खुद भारत में भी लारेंस बिश्नोई के जेल के भीतर से गिरोह संचालित करने और उसे मिलने वाले संरक्षण पर सवाल उठते रहे हैं। यहां उसके खिलाफ यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई चल रही है। इसके समांतर कनाडा के इस कदम को भी आतंक और भय पैदा करने वाली गतिविधि पर लगाम कसने के रूप में देखा जाएगा। जिन हरकतों से दहशत का माहौल बनता है, उसे आतंकवाद के समकक्ष देखे जाने से शायद ही कोई असहमत होगा।

# सितारगंज की जेल में 36 विदेशी कैदी : 32 नेपाली और 4 चीनी, नशे के कारोबार से लेकर गंभीर अपराधों तक में बंद

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। केंद्रीय कारागार सितारगंज में विदेशी कैदियों का राज खुलकर सामने आ गया है। आंकड़े बताते हैं कि जेल में इस समय 36 विदेशी कैदी सजा काट रहे हैं। इनमें से 32 नेपाल के नागरिक हैं, जबकि चार कैदी चीन से ताल्लुक रखते हैं। जिनका हर्जा, खर्चा जेल प्रशासन को वहन करना पड़ता हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से अधिकांश अपराधी एनडीपीएस एक्ट यानी नशे के कारोबार और तस्करी जैसे गंभीर मामलों में पकड़े गए हैं। गिरफ्तारी के बाद इनकी पूरी जानकारी भारत सरकार द्वारा नेपाल और चीन के दूतावासों को भेज दी गई है। गृहमंत्री अमित शाह के आदेशों के बाद देशभर की जेलों में विदेशी कैदियों की विस्तृत सूची बनाई जा रही है। इसी क्रम में सितारगंज जेल का यह खुलासा न केवल शासन, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का बड़ा विषय बन गया है। जेल प्रशासन का कहना है कि इन विदेशी कैदियों का पूरा खर्च भारतीय जेल प्रशासन वहन कर रहा है। इससे अनुमान है कि यह व्यवस्था न केवल जेल पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी चुनौती खड़ी कर रही है। जेल अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विदेशी कैदियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और सुरक्षा में किसी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। विदेशी अपराधियों की इतनी बड़ी संख्या सामने आने के बाद अब यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि आखिर भारत में विदेशी अपराधी इतनी आसानी से घुसपैठ कैसे कर रहे हैं?। क्यों हमारी जेलें विदेशी कैदियों के बोझ से भर रही हैं? और कब तक भारतीय करदाताओं के पैसे से विदेशी अपराधियों का खर्च उठाया जाएगा?

# शिव मंदिर रामलीला में रावण के संवादों ने बांधा समां



गदरपुर(उद संवाददाता)।शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन मंगलवार की संध्या को शानदार अभिनय और दमदार संवादों से सराबोर रहा। विशेष रूप से रावण की भूमिका में मुकेश भगत ने ऐसा जीवंत और प्रभावशाली अभिनय किया कि दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंज उठा। उनके हर संवाद पर श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। मंचन में दो मुख्य दृश्य प्रस्तुत किए गए। पहले दृश्य में रावण और कुंभकर्ण के बीच संवाद हुआ, जिसमें रावण की भूमिका में मुकेश भगत और कुंभकर्ण के रूप में अमन नारंग मंच पर नजर आए। इस दृश्य में कुंभकर्ण की निद्रा, रावण का आग्रह और दोनों के बीच का वैचारिक टकराव दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरे दृश्य में रावण और अंगद का संवाद प्रस्तुत किया गया, जिसमें रावण बने मुकेश भगत, अंगद की भूमिका में हनुमत कालड़ा, मेघनाथ के रूप में कुनाल ग्रोवर और कुंभकर्ण के रूप में पुन: अमन नारंग ने सजीव प्रस्तुति दी। इस पूरे दृश्य में अंगद और रावण के बीच का तर्क–वितर्क, अहंकार और धर्म का संघर्ष बहुत ही रोचक ढंग से मंचित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गुरु ज्वेलर्स के एमडी अभिषेक वर्मा और प्रदीक वर्मा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों को शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह क्षण दर्शकों के लिए भी खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने क्षेत्रीय नेताओं को रामलीला के उत्सव में सहभागी होते देखा। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था का जिम्मा महावीर दल के अध्यक्ष गौतम गगनेजा और उनकी टीम ने संभाला, जिन्होंने पूरी श्रद्धा और समर्पण से कार्यक्रम को व्यवस्थित और अनुशासित बनाए रखा।

# दुर्गा पूजा महोत्सवों में पूर्व विधायक ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्राम हरिदासपुर में आयोजित श्री श्री दुर्गा पूजा 50वां महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर पूजा अर्चना कर का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा शक्ति की उपासना का यह पर्व हम सभी के जीवन में कि हम अपने भीतर की बुराइयों का नाश कर, सच्चाई, सेवा और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ें। जिस प्रकार मां दुर्गा ने राक्षसों का संहार कर धर्म की रक्षा की, आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, आनंद शर्मा, गगन ग्रोवर, ललित सिंह बिष्ट, रुद्रा, अंकित कोली, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रमेन भोला हालदार, कमलेश मिस्त्री, ओमपाल सिंह चौधरी, सुंदर सिंह चौधरी, ईश्वर देव, दिवस हालदार, प्रसनजीत माझी, देव बाला, रूपेश ,अंकित कोली, अर्जुन विश्वास,दुर्गा पूजा समिति के नवकुमार, नारायण मंडल, सपन साना, कृष्णा मंडल, विधान पांडे, निरापद सरदार, अमल सरकार, श्याम







कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अलावा ठुकराल ने मुखर्जी नगर जगतपुरा में भी श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दोनों कार्यक्रमों में आयोजकों ने ठुकराल आस्था, आत्मबल और एकता का संदेश लेकर आता है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का उत्सव भी है। उन्होंने आगे कहा आज आवश्यकता इस बात की है उसी प्रकार हम सभी को समाज में फैली नकारात्मकता, भेदभाव और असहिष्णुता को दूर करने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। हरिदास पुर में हालदार, सचिव केशव पाइक, कोषाध्यक्ष मनोज मिस्त्री, उप सचिव राजेंद्र गुप्ता, ग्राम प्रधान राजकुमार चौधरी, सहायक कोषाध्यक्ष अनूप सिकदर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिपद मंडल, विजय सिंह, अजय सिंह, श्याम सुंदर, प्रकाश दास, पाइक, भागीरथ मंडल, नरेश तपाली आदि मौजूद रहे। जबकि मुखर्जी नगर में बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ,समाजसेवी संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, गगन ग्रोवर, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट , रुद्रा रंग, गोपाल रंग, निरंजय बाथ, सोनाई मंडल, देवप्रोत साना, वामकीन मंडल, उत्तम मंडल, राजू मंडल, विश्वजीत राय, विशाल सरकार, संजीव रंग, अशोक कुमार, पवित्र सरकार, मिलन राय, अजीत मंडल आदि मौजूद रहे।

# शिव सैनिकों ने किया हनुमान जी की सेना का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित हल्द्वानी की सबसे प्राचीन श्री रामलीला में मंगलवार को माता सीता की खोज में निकले हनुमान जी व उनकी वानर सेना का शिव सैनिकों ने भव्य स्वागत किया। शिव सेना के कार्यकारणी अध्यक्ष मनोज गुप्ता के प्रतिष्ठान पर शिव सैनिकों ने हनुमान जी एवं उनकी वानर सेना को पुष्प माला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इस आयोजन में वानर सेना को फल, मिष्ठान, जलपान सामग्री प्रदान की।



इस कार्यक्रम के लिए हनुमान जी व वानर सेना में उत्साह था। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष हेमंत भईयू, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक मनोज गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अशोक सिंधी, महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, कुमाऊं मंडल सचिव खेमराज साहू, महानगर सचिव सुशील गुप्ता, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप पाठक, विपिन गुप्ता, गुरुवंश आहूजा आदि शिव सैनिक सम्मिलित हुए।

# शेरावाली मां के जागरण में भजनों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नं. एक फुलसुंगा में तीन पानी डाम के पास स्थित शिव एंक्लेव कॉलोनी में मां शेरावाली का विशाल जागरण एवं भंडारा धूमधाम से आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल ने भी जागरण में पहुंचकर शीश नवाया। इस दौरान उन्होंने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत मैया के दरबार में आया हूं मुरादें लेकर... जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। अपने संबोधन में संजय ठुकराल ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।



जब हम मां भगवती की भक्ति में लीन होते हैं, तो हमारी आत्मा शुद्ध होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में गगन ग्रोवर ,अंकित कोली, रुद्रा,सुशील कुमार शर्मा, अंकुर ठाकुर, लवी आर्या, गामा प्रसाद, संजीत चौहान, ओम शंकर श्रीवास्तव, पशुपतिनाथ तिवारी, उदय कुमार सिंह, विकास गुप्ता, बलवीर सिंह, कपिल गुप्ता, विनीत आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे ।

# गायत्री मंदिर में 4 अक्टूबर को होगी दो यंत्रों की प्राण प्रतिष्ठा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रूपनगर में स्थित बालाजी मंदिर में कुमाऊं में दूसरी जगह यंत्र प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। यह यंत्र ढोलमार के बाद हल्द्वानी के बालाजी मंदिर में बालाजी मंदिर में आएगी। 108 कलश यात्रा रानीबाग से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर पहुंचेगी। 3 अक्टूबर को पूजा अर्चना के बाद शाम को आरती होगी तथा 4 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे प्राण



स्थापित होगा। जिसमें 2 से लेकर 4 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें राजस्थान व हरिद्वार से आए ब्राह्मणों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक पूरन चंद पाठक ने बताया कि 2 अक्टूबर को कलश यात्रा सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर प्रतिष्ठा किया जाएगा। जिसमें दो यंत्र स्थापित होंगे एक अचल और एक चल। कार्यक्रम को लेकर मंदिर संस्थापक द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस मौके पर अतुल कुमार गुप्ता, वांराश शर्मा, पंकज सक्सेना, दीपचंद तिवारी, लाल बाबू यादव, हितेश त्रिपाठी, मनीष तिवारी, खेमानंद बृजवासी, शरद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# रूद्रपुर नगर निगम 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' हेतु चयनित

## देहरादून में आज शाम सीएम धामी देंगे 25 लाख का नकद पुरस्कार,आयुष्मान आरोग्य केन्द्र की भी मिलेगी सौगात

रूद्रपुर। नगर निगम रूद्रपुर के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए नगर निगम ने 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025' के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह पुरस्कार आज शाम देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप 25 लाख की नगद धनराशि प्रदान की जायेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रूद्रपुर नगर निगम के पहले आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केन्द्र का वर्चुअल शुभारम्भ भी करेंगे। अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले दिनों भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में निर्धारित मानकों के आधार पर नगर निगम रूद्रपुर को नगर निगम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था वहीं राज्य के सभी शहरी निकायों में रूद्रपुर नगर निगम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को देखते हुए शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा रूद्रपुर नगर निगम को 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2025' के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार प्रदेश स्तर पर स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जनभागीदारी और सतत शहरी विकास के लिए दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। इसके अंतर्गत पुरस्कार स्वरूप 25 लाख की धनराशि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नगर निगम को प्रदान की जायेगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा नगर निगम रूद्रपुर को पहली बार 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' मिलना नगरवासियों के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान हम सभी की साझा मेहनत और जन सहयोग का परिणाम है। शहर को स्वच्छ रखने में हमारे सफाई कर्मियों, अधिकारियों और नागरिकों की महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, हरित और सुंदर



बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह पुरस्कार निगम की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि हम राज्य सरकार के विकासात्मक विजन के अनुरूप नगर को एक आदर्श शहरी मॉडल बनाने के लिए समर्पित हैं। महापौर ने बताया कि कल देहरादून में मुख्य सेवक सदन में आयोजित होने जा रहे समारोह में मुख्यमंत्री श्री धामी रूद्रपुर के पहले आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का वर्चुअल शुभारम्भ भी करेंगे। नगर में यह पहला स्वास्थ्य केन्द्र सिंह कालोनी में खोला जा रहा है। महापौर ने बताया कि भारत सरकार की योजना के अंतर्गत रूद्रपुर नगर निगम क्षेत्र में 8 स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मंजूरी मिली है। प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में एमबीबीएस चिकित्सक फार्मोसिस्ट नर्स सहित पांच लोगों का स्टाफ होगा। पहला केन्द्र सिंह कालोनी में खोला जा रहा है। इसके बाद फुलसुंगी, जगतपुरा, रम्पुरा, संजय नगर खेड़ा, भूरारानी, भदईपुरा में भी अच्छी लोकेशन पर ये स्वास्थ्य केन्द्र खोले जायेंगे। जिसके बाद लोगों को झोला झाप डॉक्टरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और जिला अस्पताल में भी चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोहल्ला क्लीनिक की शुरूआत करने वाला रूद्रपुर पहला नगर निगम बनने जा रहा है। इन स्वास्थ्य केन्द्रों का लाभ मलिन बस्तियों के हजारों जरूरतमंद लोगों को मिल पायेगा। महापौर ने बताया कि आगामी शनिवार से नगर निगम कुछ नई सेवाओं की शुरूआत भी करने जा रहा है। जिसके अंतर्गत अब ई श्रमिक कार्ड बनाने की सुविधा नगर निगम में ही मिलेगी। अब तक ई श्रमिक कार्ड बनाने के लिए गरीबों को अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते है, और उनके अनावश्यक पैसा भी लिया जाता था, अब नगर निगम श्रमिकों को यह सुविधा मुहैया करायेगा। इसके अलावा समाज कल्याण के अंतर्गत आने वाली कई योजनाओं की सुविधा भी नगर निगम में दी जायेगी। राशन कार्ड बनाने की सुविधा भी नगर निगम जल्द शुरू करेगा। इसके अलावा नगर निगम अब अपना सीएसएसी सेंटर भी संचालित करेगा जिसमें सीएससी सेंटर से मिलने वाली सभी सुविधायें आम जनता को उपलब्ध करायी जायेंगी। पत्रकार वार्ता में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, पार्षद राजेश जग्गा, पार्षद सुशील चौहान, पारस चुघ आदि भी मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में महाराज अग्रसेन की 5158वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्धजनों, भाजपा नेताओं एवं समाजसेवियों ने एकत्र होकर महाराज अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दरऊ रोड चौराहे के पास स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला कहा कि महाराजा अग्रसेन द्वारा जो भी संदेश समाज को दिया गया वह जीवन जीने के लिए एवं आत्मसात करने के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश था उन्होंने वाणिज्य की दृष्टि को देखते हुए एक नए युग का सूत्रधार किया था।महेश मित्तल, रामावतार, अग्रवाल सभा अध्यक्ष ग्यारसी लाल अग्रवाल, संजीव सिंह, संजीव खन्ना, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी,



मंजू गोयल, धर्मराज जायसवाल, सभासद संदीप अरोड़ा सोनू भूसरी, नितिन फुटेला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल पूर्व विधायक राजेश शुक्ला अग्रसेन महासभा की किच्छा के अध्यक्ष लाल अग्रवाल ने महाराज अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समाज के लिए अग्रसेन के योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराज अग्रसेन केवल एक शासक ही नहीं बल्कि समाजवाद और उदारता के प्रतीक थे। उन्होंने 'एक ईंट और एक रुपया' की परंपरा देकर समाज में सहयोग, भाईचारे और समानता की नींव रखी थी। अग्रसेन जी के सिद्धांत आज भी समाज को एकजुट रखने और सहयोग की भावना को बढ़ाने में प्रेरणा स्रोत हैं।अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी अग्रसेन जयंती पर सामाजिक एकता और सेवा का संदेश दिया गया। नगरवासियों ने भी भारी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर महाराज अग्रसेन के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।जयंती समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने महाराज अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर का माहौल धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो उठा। मुख्य लोगों के अलावा पारस अग्रवाल हीरा सरकार, विवेक राय,देवेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में भाजपा नेता चुघ को किया सम्मानित

रुद्रपुर। श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन श्री आदर्श बंगाली कालोनी के दुर्गा मंदिर में किया जा रहा है। बीती रात समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने वहां पहुंच कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा की इन दोनों देशभर में दुर्गा पूजा की आयोजन किया जा रहे हैं और श्रद्धालु बढ़-चढ़कर इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। श्री चुघ ने का मां दुर्गा की सच्ची पूजा और आराधना से कष्टों का नाश होता है। आयोजकों ने बताया की दुर्गा पूजा महोत्सव में



जात्रा गान, ओम शांति हरि ग्रुप द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, नए आइडियल की खोज जैसे कार्यक्रम भी किए जाएंगे, इसके अलावा महा अष्टमी पूजा, महानवमी पूजा और महादशमी पूजा विशेष आकर्षण रहेंगे। इस दौरान अध्यक्ष गणेश दास, सचिव गोविंद सरकार, कोषाध्यक्ष राकेश दास ,असीमानंद गुहा कृष्णा सरकार ,पवित्र राय ,सचिन पांडे ,संजीव पाल, प्रसन्नजीत, तापस मजूमदार, राहुल मदक, सुजीत मित्रा, अमित मजूमदार आदि मौजूद थे। संचालन संजू मिस्त्री ने किया।

# महाअष्टमी पर वैष्णवी शक्तिपीठ में जागरण की धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर) में महाअष्टमी का पर्व पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। यह तपोस्थली पूज्यनीय ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज की साधना स्थली रही है, जहां हर वर्ष नवरात्रि के अवसर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। पावन अवसर की शुरुआत भक्तों द्वारा संकीर्तन से हुई, जिसके बाद मां हंसेश्वरी भारती जी की समाधि स्थली के पट खोले गए। हवन के बाद सभी भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। रात्रि में मां भगवती के जागरण का भव्य आयोजन हुआ, जिसका पूजन चमन लाल अरोड़ा (पंतनगर) और उनके परिवार द्वारा किया गया। मंच से वैष्णो भजन मंडल ने भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत करते हुए भगवती आह्वान, गणेश वंदना, गुरु वंदना और फूलों की वर्षा जैसे भक्तिरस में डूबे भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद भक्त रमेश जी ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए और मंच पर समा बांध दिया। खास



आकर्षण रहे मुरादाबाद से पधारे भजन सम्राट पप्पू चावला, जिन्होंने "मेहरावालिए माई", "मैनू राखड़ी बंधन का चाह", "नगरकोट दी रानीये", "महाकाली रण में कूदी पड़ी", "पुजारियों ने बूहा खोलिया" सहित अनेक सशक्त भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महंत श्याम खुराना ने तारा रानी के प्रेरणादायक इतिहास को सुनाकर भक्तों को धर्म, साहस और श्रद्धा का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, अमित नारंग, सतनाम सिंह पप्पू, राजकुमार सीकरी, पल्ली गाबा, संजय ठुकराल, हरीश अरोड़ा, नरेश घई, जगदीश अरोड़ा, विपिन अरोड़ा, रोहित अरोड़ा, राजीव ग्रोवर, राजेश ग्रोवर, रूबी, राकेश डूडेजा, गिरीश साहनी, सूरज कक्के, शम्मी अरोड़ा, सुरेंद्र गुंबर, गौरव गुंबर, जिगर गुंबर, अमर खत्री, अरविंद मिश्रा, पवन घई, राजीव गई, अंशु छाबड़ा, जुगनू, हुकम सिंह भंडारी, सोनू, पूजा घई, आरती घई, बिमला, कंचन डीयू, प्रीति ग्रोवर, सुषमा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जया आनंद, सुनीता अरोड़ा, नीलम, मोना, सीमा पोपली, राखी उप्पल, कविता सोढ़ी, निशा, गगन गुंबर, मनु गुंबर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मंदिरों में किया कन्या पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता) पावन नवरात्र पर्व यहां सभी मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया। आज सभी मंदिरों में नवमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन किया। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर में मुख्य पुजारी चन्द्रशेखर जोशी ने पूजा कराई। वहीं श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी, श्री राम मंदिर, लटूरिया बाबा आश्रम, बेलबाबा मंदिर, श्री कालू सिद्ध बाबा मंदिर, जगदम्बा मंदिर,



मां वैष्णों मंदिर, श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर, काली चौड़ मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में प्रात: से ही मां भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना की। अनेक मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

## पेज एक का शेष...

**पुलिस के खिलाफ...**मारे। जिससे उनको चोटें आईं। छात्र नेताओं का कहना है कि बार बार पूछने पर भी पुलिस अधिकारी लता गंगवार और ओमप्रकाश गंगवार को हिरासत में लेने की वजह नहीं बता रहे हैं। इस प्रकरण का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होना बताया गया है। छात्रों के भारी विरोध के चलते पुलिस ने प्रात: लता गंगवार को हिरासत से मुक्त कर दिया परंतु ओमप्रकाश अभी भी पुलिस हिरासत में हैं। छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक पुलिस माफी मांगकर ओमप्रकाश गंगवार को नहीं छोड़ेगी आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों ने लता गंगवार को जिला चिकित्सालय ले जाकर उनका उपचार करवाया। छात्रों का यह भी आरोप है कि छात्र नेता अमृतपाल सिंह के घर में भी पुलिस टीम रात्रि में पहुंची और घर का कुंडा तोड़ जबरन भीतर जा घुसी। उसकी माता ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने उसके साथ अभद्रता की और अमृतपाल के कमरे में रखा सारा सामान अस्तव्यस्त कर दिया। पुलिस कर्मी अमृतपाल के बारे में पूछ रहे थे। दोपहर को पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए छात्रों को धरने से जबरन हटा दिया। मामले को लेकर पुलिस के खिलाफ छात्रों में आक्रोश है। इस दौरान गौरव शुक्ला, अंग्रेज सिंह, रामप्रकाश यादव, कमल पोपली, सौरभ राजपूत, गिरीश पाल, गोपाल पटेल, अंकित प्रजापति, ज्योति, आकाश, सुमित, किशन, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, विवि प्रतिनिधि मोहित चन्द्र भट्ट, उप सचिव मोहन कोली, कमल कांत, राज उपदेश सागर, करन दिवाकर आदि मौजूद थे।

**केस वापस नही...**से एक पर हत्या और जानलेवा हमले के मुकदमे भी दर्ज हैं। एफआईआर में जान से मारने की धमकी, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना, मानसिक उत्पीड़न, और अश्लील गालियों जैसे गंभीर आरोप दर्ज किए गए हैं। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर निखिल गंगवार, सूरज पाल, हरपाल चौधरी, सुरक्षा हेड लाल सिंह गंगवार और कंपनी मालिक प्रिंस धवन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

**ट्रेन की चपेट...**ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।अजीत की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाले सदस्य था। ग्रामीणों ने बताया कि अजीत का स्वभाव मिलनसार था और वह हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे। उनकी अचानक मौत ने पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया है।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि गेट क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**गांधी पार्क में ...**वाले रास्तों को साफ और व्यवस्थित किया गया है ताकि भीड़-भाड़ में व्यवधान न हो। रामलीला मंचन के दौरान अव्यवस्था न हो, इस दृष्टि से कमेटी ने सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने आज आयोजन स्थल का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

**साध्वी प्राची...**पड़ताल करवा कर अग्रिम कारवाई करेंगे। उल्लेखनीय है राज्य की धामी सरकार ने अब तक 9 हजार सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया है और अवैध रूप से निर्मित 552 मजारों को ध्वस्त किया है।

**४५ लाख का गांजा...**तथा चावलों के रैक के नीचे 9 कट्टों में 163 पैकेट्स में 162 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। गांजे की यह बड़ी खेप उड़ीसा से लाई जा रही थी। लगभग 45 लाख रुपए कीमत के अवैध गांजा के साथ पकड़े गए ग्राम भतगांव थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी विक्की पुत्र खूब सिंह ने पुलिस को बताया कि गांजे की खेप खपत के लिए दढियाल लेकर जा रहा था। गिरफ्तार नशा कारोबारी से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस टीम ने प्रयुक्त कैंटर वाहन को सीज करते हुए अभियुक्त का संबंधित धाराओं में चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एहना दित्ता दातिये नजारे लग्गे होए ने..

## अष्टमी की रात्रि माता के भजनों पर श्री नीलकंठ धाम मंदिर में बही भक्ति की गंगा





रुद्रपुर। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में आयोजित हो रही माता की चौकी एवं दरबार में सैकड़ो भक्तों ने पहुंच कर महामाई और बाबा का गुणगान किया। इस दौरान भक्त भक्ति के रस में सराबोर नजर आए और भजनों पर जमकर झूमे।मंगलवार की रात्रि पुनीत मित्तल के परिवार की ओर से श्री नीलकंठ धाम मंदिर में माता की चौकी एवं दरबार सजाया गया। माता की चौकी और दरबार में सर्वप्रथम ज्योत प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना,श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, श्री बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ और श्री प्रेतराज की आरती के साथ शुरू हुए दरबार में माता रानी, भोलेनाथ बालाजी महाराज के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। दरबार में भजन गायक सुमित वार्ष्णेय ने मेनू पे गयी हां फेर तेरी लोड़ दातिये,आओ चले अमरनाथ सारे, भोले बाबा के द्वारे,विनीत अरोरा ने कालका माँ मुझे तेरी जरूरत है,प्रभु से नाता जोड़ लिया,गुड्डू लहरी ने सालासर वाले मेरे बाला जी,वो है अंजनी का लाला सहित कई भजन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरबार में महंत विकास शर्मा पर आई भोले बाबा, माता रानी और बाला जी महाराज की शक्तियों से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त कर सुख शांति की कामना की। दरबार में तरुण दत्ता, मनोज छाबड़ा,अमित अरोड़ा बॉबी,आकाश कटारिया,राकेश सुखीजा, राजकुमार सिकरी,जगदीश बठला,विवेक दीप सिंह, सोनू, सचिन खुराना, राजन राठौड़, सुनील ठुकराल,सीए करुण गुप्ता,पम्मी सुखीजा, हितेश ठुकराल, हरीश गुंबर, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग,समीर गौड,मोहित अरोड़ा, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रसेन गंगवार,विजय तोमर, दीपक शर्मा,राजीव मनोचा,अनुज शर्मा,रोहित मदान, देवेंद्र गिरी,मुकेश शर्मा,चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी,हरजीत राठी, पवन खनिजों, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला,गौरव खुराना, सोनू,संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय,सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग,पूनम मदान,नीलू खुराना, गीता शर्मा,भूमिका शर्मा,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला रेशू सक्सेना,श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर,इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी,राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त भक्तानिया मौजूद थी।

# दुर्गा मंदिर में विधि विधान से हुआ हवन और कन्या पूजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दुर्गा मंदिर में दुर्गा यात्रा समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश से लाई गई पवित्र ज्वाला जी की ज्योत के सम्मुख हवन पूजन का आयोजन किया गया। पंडित नवीन शास्त्री और महंत राजीव ठक्कर ने विधि-विधानपूर्वक इस हवन समारोह का संचालन किया। इस पवित्र अवसर पर सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और उसके बाद कन्याओं का पूजन भी विधिवत् किया गया। हवन में उपस्थित सभी संगत ने पूर्ण आहूति अर्पित की तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से



भक्तिमय वातावरण बनाया। इसके पश्चात हवन स्थल की परिक्रमा की गई। इस अवसर पर संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गावा ने बताया कि माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योत का विसर्जन कल 2 अक्टूबर को विधि विधान के साथ किया जाएगा। यह पवित्र ज्योति दुर्गा मंदिर से रामनगर स्थित गर्जिया तक ले जाई जाएगी। विसर्जन के बाद माँ गर्जिया मंदिर और हनुमान धाम में सभी भक्तों द्वारा दर्शन एवं पूजा की जाएगी। विसर्जन यात्रा प्रात: 8 बजे दुर्गा मंदिर से शुरू होगी, जिसमें भक्तजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल, प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली, सहसंयोजक विक्की कक्कड़, कोषाध्यक्ष राजीव गंभीर, अंश कक्कड़, देवेंद्र कुकरेती, ककू धीर, सचिन अग्रवाल, एडवोकेट दीपक अरोरा, अमित दुआ, विपिन अरोड़ा, गुरशरण बब्बर सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

# हनुमान लाए संजीवनी बूटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में मंगलवार को लक्ष्मण शक्ति, लक्ष्मण जागृति तथा कुंभकर्ण बध लीला का मंचन कराया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री कहते है मेघनाद ने मायावी युद्ध में लक्ष्मण पर शक्ति बाण चलाया था जिससे वह मूर्छित हो गए।अपने भाई की इस दशा को देखकर श्री राम बहुत व्याकुल और दुखी हुए। लक्ष्मण को शक्ति लगने के बाद उनकी मूर्छा को दूर करने के लिए हनुमानजी पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए और लक्ष्मण की मूर्छा दूर होती है। फिर से युद्ध होता है और रावण दल से कुंभकर्ण का वध होता है।संचालन समिति से विनीत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज , दिनेश गुप्ता, पंकज कपूर, तनुज गुप्ता आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री रामलीला मंचन में विभिन्न संस्थाओं ने सहयोग किया।



# विभिन्न मंदिरों में दुर्गा पूजा कार्यक्रमों की धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व पर बंगाली समाज द्वारा दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ की जा रही है। आदर्श इंदिरा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, रविन्द्र नगर, संजय नगर स्थित श्री दुर्गा मंदिरों में बंगाली समाज द्वारा श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें आमंत्रित कलाकारों व संकीर्तन मंडलियों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे हैं।रविन्द्र नगर में मंगलवार की प्रात: श्री श्री शारदीय दुर्गा देवी जी का महा अष्टमी विहित पूजा, सायंकाल आरती प्रतियोगिता व रात्रि में एकल एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित हुई। श्री दूर्गा पूजा में कमेटी के अध्यक्ष परितोष मण्डल, उपाध्यक्ष मानस सरकार, प्रदीप विश्वास, संजय हाल्दार, सचिव विपुल गाईन, उपसचिव प्रदीप दास, सुकुमार सरकार, कोषाध्यक्ष तारक अधिकारी, महेश मण्डल, गोपाल सरकार, सांस्कृतिक प्रभारी, एस. पी.सरकार, कार्तिक मण्डल, अभिमन्यु देव



राय, आरती प्रभारी मानदार सरकार व रंजीत राय, संगठन सचिव निमाई मण्डल, रामानन्द, के.के. दास शंकर सरकार, फनिन्द्र नाथ गाईन, किरन चन्द्र अधिकारी, नारायण विश्वास, समीर राय, चंदन देबनाथ, महेन्द्र विश्वकर्मा, सुब्रत, अर्जुन विश्वास, बाबू विश्वकर्मा,अर्जुन विश्वकर्मा,गुनोधर मण्डल, मनीष सरकार, सुकान्त, रोहित मण्डल, ध्रुव विश्वास, हीरा गाईन, यस्मित, धीरज सरकार, देव विश्वास, पवन गोलदार, अमन सरकार, शंकर सरकार, जयदेव गाईन, नैतिक गोलदार, विक्की विश्वास,हिमांशु सरकार, आलोक, गौरव, अमन चौहान आदि लोग मौजूद थे। ट्रांजिट कैम्प श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में मंगलवार को दोपहर प्रसाद एवं भंडारा वितरण, सायंकाल महिलाओं के लिए आरती प्रतियोगिता, रात्रि को बांग्ला लोककला प्रस्तुति तारापद छाऊ ग्रुप, पुरूलिया पश्चिम बंगाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद एलकेडी ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक समूह नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कार्तिक चक्रवर्ती, परिमल राय, राज सरकार, किशोर डे, प्रदीप साह, सुमित राय, राज चक्रवर्ती, बिट्टू ढ़ाली, सचिन मंडल, दिलीप अधिकारी, अभिनव दत्ता, मनोज कर, सुबीर वन्दना दास आदि मौजूद थे।




# रावण-अंगद संवाद के मंचन ने लूटी वाहवाही

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला अनाज मंडी गदरपुर में चल रहे रामलीला महोत्सव में मंगलवार की संध्या का मंचन भक्ति, संवाद और शानदार अभिनय से भरपूर रहा। मंचन की मुख्य झलक रही कुम्भकर्ण का निद्रा से जागना और रावण व अंगद के बीच हुआ धारदार संवाद, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक मंच नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि किसी का कोई कार्य लंबे समय से रुका हो, तो यहां मनौती मानें, प्रभु श्रीराम उस कार्य को पूर्ण करेंगे। उनके साथ मंच पर महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मंचन का निर्देशन सिद्धार्थ भुसरी द्वारा किया गया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी क्लब अध्यक्ष अशोक सुधा ने बखूबी निभाई। कलाकारों



की भाव-भंगिमाओं, संवादों और अभिनय ने दर्शकों को कथा में पूरी तरह से डुबो दिया। मंचन में रोहित पोपली ने श्री राम की भूमिका निभाई, जबकि कशिश खुराना लक्ष्मण के रूप में नजर आए। मुनि भुसरी ने सुग्रीव, गोविन्द ने जामवंत, शौर्य भुड्डी ने अंगद, अमन गाबा ने रावण, साहिल सुधा ने हनुमान, प्रवीण गिल्होत्रा ने कुंभकर्ण, अविश अरोरा ने मेघनाद और दीपक छाबड़ा ने विभीषण की भूमिका निभाई। महावीर दल अध्यक्ष की भूमिका में अमित भुड्डी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने मंच पर मौजूद अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी, व्यापारी और नगर के प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। सम्मानित होने वालों में संजय जुनेजा , संदीप चावला, राहुल अनेजा, कृष्ण लाल सुधा, सतीश छाबड़ा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोरा, विजय सुखीजा, धीरज ईशपूजनी, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, निर्मल नारंग, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, पारस धवन, प्रवीण गगनेजा और श्याम सुंदर कालड़ा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# महापौर ने किया चिराग ए उम्मीद पुस्तक का विमोचन

रुद्रपुर। भूरारानी के वार्ड संख्या 32 स्थित सरस्वती इन्क्लेव कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने आरएएन पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा स्पर्शिका कथूरिया की पुस्तक 'चिराग-ए-उम्मीद' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने लेखिका को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि स्पर्शिका कथूरिया की यह रचना केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक दिशा-सूचक प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में इतनी परिपक्व और भावनात्मक लेखनी के माध्यम से जीवन के गूढ़ पहलुओं को उजागर करना वास्तव में असाधारण प्रतिभा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न सिर्फ युवाओं को प्रेरणा देगी, बल्कि उन विद्यार्थियों के लिए भी सहारा बनेगी जो तनाव और असमंजस के दौर से गुजर रहे हैं।लेखिका



स्पर्शिका ने बताया कि 'चिराग-ए-उम्मीद' उनके अपने जीवन के अनुभवों का एक संकलन है। इसमें संकलित कविताएं, विचार और अध्याय उनकी आत्मा की गहराइयों से निकले हैं, जिन्हें उन्होंने स्वयं जिया और महसूस किया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक उन पलों में आशा की एक किरण बन सकती है, जब जीवन में निराशा घिर आए। उन्होंने यह भी कहा कि यह रचना विशेष रूप से छात्रों के लिए एक सच्चे मित्र के रूप में कार्य कर सकती है, जो उन्हें भावनात्मक सहारा प्रदान करे। कार्यक्रम में जगदीप कथूरिया, अंजु कथूरिया, स्पर्श कथूरिया, राजीव कामरा, कृष्ण लाल गंभीर, भाजपा नेता राधेश शर्मा, विष्णु मण्डल, पारस चुघ, पवन खनिजो, गुरविंदर पाल सिंह, ललित कथूरिया, अश्विन कथूरिया, विपुल गंभीर, अंश कामरा, कनिष्का कामरा और सिमरन कामरा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।